हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, मंगलवार 21 जुलाई 2026
कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 27 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

11 75 वर्ष की उम्र, युवा सा जज़्बा : वैज्ञानिक पशुपालन से ...



12 सरकारी योजना ने बदली पशुपालक की तकदीर



हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
21 जुलाई 2026
कूपन नं.
8

B.M. COLLEGE
BCA | BBA
PGDCA | B.Ed.
आई.टी.आई.
▸ कोपा ▸ इलेक्ट्रिशियन
▸ हेल्थ सेनेटरी ईस्पेक्टर
▸ डीजल मैकेनिक
▸ फायर टेक्नालॉजी
▸ स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
9340311314, 9300850065
9303898329, 9098849923
अंतिम तिथि-24/07/26

## सामाजिक कार्यकर्ता वांगचुक के समर्थन में एकदिवसीय धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी

सोनम वांगचुक के समर्थन में सामाजिक कार्यकर्ताओं ने धरना दिया। उनकी मांगों को पूरा करने के लिए एसडीएम के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भी प्रेषित किया है। धमतरी में भी शिक्षा के व्यवसायीकरण पर उन्होंने आवाज बुलंद की।

सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक नीट परीक्षा में हुई गड़बड़ी और आहत हुए छात्रों के लिए न्याय की मांग को लेकर दिल्ली के जंतर मंतर में अनशन पर बैठे थे। तबीयत खराब होने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहां पर भी उन्होंने अनशन खत्म करने के लिए युवाओं के हितों में अपनी मांग रखी है। उनके अनशन और मांग के समर्थन में धमतरी में जनजागरण सेवा समिति के बैनर तले मितेश जैन, सुनील शर्मा, जीआर बंजारे सहित कई लोगों ने सोमवार को गांधी मैदान में धरना दिया।

मितेश जैन ने कहा कि सत्ता की असली ताकत जनता का विश्वास होता है, डर नहीं। इतिहास गवाह है कि विचारों को कभी गिरफ्तार नहीं किया जा सकता। जितना सच को दबाने की कोशिश होगी, उतनी ही मजबूती से वह लोगों के बीच पहुंचेगा। हम माँग करते हैं कि पूरे घटनाक्रम की निष्पक्ष जांच हो, सभी तथ्य सार्वजनिक किए जाएं। पर्यावरण संरक्षण को सही तरीके से समझा जाए। समिति के बैनर तले उन्होंने मांग रखी है कि शिक्षा, स्वास्थ एवं न्याय का व्यापारीकरण बंद हो और पर्यावरण का संरक्षण किया जाए। धरना प्रदर्शन के बाद उन्होंने एसडीएम के माध्यम से राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को ज्ञापन प्रेषित किया।

धरना स्थल पर योगेश शर्मा, कन्हैया सोनी, विक्की छाबड़ा, योगेश रायचुरा, प्रदीप जैन, कैलाश कुकरेजा, आकाश कटारिया, अमित बाघमारिया, अभिषेक ठाकुर, लवलेश यादव, ललित कुमार जैन आदि ने उपस्थित होकर धरना को समर्थन दिया।

राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



### 150 एकड़ की सफलता के बाद अब 500 एकड़ विस्तार का लक्ष्य

## धमतरी मॉडल बना देश के लिए प्रेरणा औषधीय खेती से महिलाओं में आर्थिक क्रांति

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी

जहां कभी अनुपयोगी भूमि थी, वहां आज औषधीय पौधों की हरियाली लहरा रही है। जहां महिलाएं केवल पारंपरिक खेती तक सीमित थीं, वहीं आज वे लाखों रुपये की आय अर्जित कर आत्मनिर्भरता की नई इबारत लिख रही हैं। यह केवल एक जिले की सफलता की कहानी नहीं, बल्कि ग्रामीण विकास, महिला सशक्तिकरण, प्राकृतिक संसाधनों के बेहतर उपयोग और कृषि नवाचार का ऐसा मॉडल है, जिसने पूरे देश का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है। छत्तीसगढ़ का धमतरी जिला आज औषधीय एवं सुगंधीय फसलों के कृषिकरण का राष्ट्रीय मॉडल बनकर उभरा है। यहां कृषि, आजीविका, पर्यावरण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था का ऐसा समन्वय देखने को मिलता है, जो विकसित भारत और आत्मनिर्भर गांवों की अवधारणा को साकार करता है। ▸▸ शेष पेज 10 पर





### परंपरागत खेती से नवाचार की ओर

धमतरी कृषि प्रधान जिला है। यहां की अधिकांश आबादी धान आधारित खेती पर निर्भर रही है। हालांकि धान उत्पादन जिले की पहचान है, लेकिन सीमित आय, प्राकृतिक जोखिम और अनुपयोगी भूमि की चुनौती लंबे समय से बनी हुई थी। महानदी के किनारे की रेतीली भूमि, कटाव प्रभावित क्षेत्र और ग्राम पंचायतों की अनुपयोगी जमीन आर्थिक दृष्टि से पर्याप्त उपयोग में नहीं आ पा रही थी। ऐसे समय में जिला प्रशासन ने इन चुनौतियों को अवसर में बदलने का निर्णय लिया। सोच स्पष्ट थी - यदि अनुपयोगी भूमि पर ऐसी फसलें उगाई जाएं जिनकी बाजार में स्थायी मांग हो, जिनमें लागत कम और लाभ अधिक हो, तो ग्रामीण अर्थव्यवस्था में व्यापक परिवर्तन लाया जा सकता है।

### बदलती जिंदगी, बदलती सोच

आदर्श महिला कृषक समूह कंडेल सत्या ढीमर बताती हैं कि पहले उनकी पूरी निर्भरता धान की खेती पर थी। औषधीय खेती के बारे में जानकारी नहीं थी, लेकिन प्रशिक्षण, पौध सामग्री और खरीद की सुनिश्चित व्यवस्था ने उनका भरोसा बढ़ाया। आज उनकी आय कई गुना बढ़ चुकी है। समूह की महिलाएं पूना साहू, कुंती ढीमर कहती हैं कि इस योजना ने केवल आय ही नहीं बढ़ाई, बल्कि महिलाओं को निर्णय लेने का आत्मविश्वास भी दिया है। अब वे बैंकिंग, समूह प्रबंधन और उद्यमिता में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं तथा अन्य महिलाओं को भी इस दिशा में प्रेरित कर रही हैं। किसान अशोक नेताम बताते हैं कि कम पानी वाली भूमि में लेमनग्रास और खस जैसी फसलें उम्मीद से कहीं अधिक सफल साबित हुई हैं। अब जिले के अनेक किसान पारंपरिक खेती के साथ-साथ औषधीय खेती को भी अपनाने लगे हैं।

### केवल खेती नहीं, संपूर्ण मूल्य श्रृंखला का विकास

धमतरी मॉडल की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें केवल उत्पादन पर नहीं, बल्कि संपूर्ण वैल्यू चेन विकसित करने पर जोर दिया गया है। कुरूद विकासखंड के कोटगांव और पचपेड़ी में औषधीय पौधों की नर्सरी विकसित की जा रही है, ताकि स्थानीय स्तर पर गुणवत्तायुक्त पौध सामग्री उपलब्ध हो सके। इसके साथ ही भविष्य में औषधीय उत्पादों के प्रसंस्करण (प्रोसेसिंग), आवश्यक तेल निष्कर्षण, पैकेजिंग और मूल्य संवर्धन की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है। यदि स्थानीय स्तर पर छोटे-छोटे प्रोसेसिंग प्लांट स्थापित होते हैं, तो इससे रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे, परिवहन लागत घटेगी और किसानों को उनके उत्पाद का बेहतर मूल्य मिलेगा। यह ग्रामीण औद्योगिकीकरण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण पहल होगी।

## आंबा सहायिका से परेशान कार्यकर्ताओं ने खोला मोर्चा



■ रूद्री सेंटर के आंबा क्रमांक 02 की सहायिका के खिलाफ आंबा कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी

रूद्री के आंगनबाड़ी क्रमांक 02 में कार्यरत सहायिका के खिलाफ आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर से शिकायत की है। सोमवार को रूद्री सेंटर के समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने कलेक्टोरेट पहुंचकर प्रदर्शन किया और कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा है।

सात बिंदुओं पर शिकायत आवेदन में कहा गया है कि महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी पर आंबा केंद्र क्रमांक 3 में नियुक्त आंगनबाड़ी सहायिका पद पर गलत चयन का आरोप लगाया है। जिसमें कम पढ़ी लिखी और कम अनुभव का आरोप लगाकर डीएम न्यायालय में केस दर्ज करवाई है। उक्त सहायिका आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के पालकों से आए दिन झगड़ा करती है। बच्चों के साथ मारपीट तथा पूर्व में गला दबाने की कोशिश की थी। जिसकी शिकायत पालकों ने विभाग में की थी, वहीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने ग्राम पंचायत रूद्री में इसकी जानकारी दी थी। रूद्री सेंटर की मिटिंग हमेशा रुद्री क्रमांक 2 में होता था लेकिन सहायिका ने सेंटर पर्यवेक्षक से किसी के लिए पीने का पानी नहीं भरने कहकर और किचन में पर्सनल ताला लगाकर चले जाने के कारण मिटिंग आंबा क्रमांक 1 में करना पड़ता है। उसे समझाने पालक, हितग्राही, ग्राम प्रमुखों, पंचायत प्रतिनिधियों की बैठक रखी गई थी। जिसमें सहायिका ने किसी की बात नहीं सुनी, उल्टे परियोजनाधिकारी से अभद्र व्यवहार किया। उक्त सहायिका आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से रोज झगड़ती है और अपने कार्य के प्रति निष्कृय रहती है।

रुद्री सेंटर के समस्त कार्यकर्ताओं ने कहा है कि रुद्री सेंटर में उक्त सहायिका सभी आंबा कार्यकर्ता एवं सहायिका सेंटर की छवि धुमिल कर रही है। सहायिका के रूप में किसी भी दृष्टिकोण से कार्य करने के लायक नहीं है। उसे तत्काल सहायिका पद से हटाने की मांग की है।

इस मौके पर आंबा कार्यकर्ता महेश्वरी साहू, नर्मदा साहू, धरमीन सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

### खबर संक्षेप

### सीढ़ी से गिरकर वृद्ध महिला की मौत

**धमतरी।** पैर फिसल जाने से सीढ़ी से गिरकर गंभीर रूप से घायल वृद्ध महिला की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार कुरूद थाना क्षेत्र के ग्राम सेनचुवा निवासी ऊषा चंद्राकर पति मनोज उम्र 60 वर्ष मजदूरी का काम करती थी। शनिवार को महिला घर में नहाकर छत पर स्थित अपने कमरे में जा रही थी। सीढ़ी चढ़ते समय अचानक पैर फिसल जाने से नीचे गिरकर घायल हो गई जिसे उपचार के लिये कुरूद अस्पताल पहुंचाया गया। जहां से रिफर करने पर घायल वृद्धा को जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान शनिवार की शाम वृद्ध महिला की मौत हो गई। चौकी पुलिस ने रविवार को पंचनामा व पोस्टमार्टम करा शव परिजनों के सौंप दिया।

### 9वीं के छात्र ने उठाया आत्मघाती कदम, मौत

**धमतरी।** अज्ञात कारणों के चलते नवमी कक्षा के एक छात्र ने अपने घर पर फांसी लगाकार आत्महत्या कर लिया है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार रूद्री निवासी तीरथ कुमार ध्रुव पिता बसंतराम उम्र 14 वर्ष सरस्वती शिशु मंदिर रूद्री में 9वीं कक्षा का छात्र था। शनिवार की सुबह छात्र की मां लक्ष्मी बाई ध्रुव मजदूरी करने चली गई। घर पर तीरथ व उसका छोटा भाई नीलू ध्रुव थे। शाम को लक्ष्मी मजदूरी करके घर पहुंची तो देखी कि तीरथ घर के छज्जे में लगे लोहे के हुक में साड़ी का फंदा बांधकर फांसी लगा लिया था। जीवित होने के अंदेशा के चलते छात्र को फंदे से उतार कर उपचार के लिये जिला अस्पताल लाया गया। जहां डाक्टर ने चेकअप के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। चौकी पुलिस ने रविवार को शव को पंचनामा व पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। छात्र के आत्महत्या करने का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो पाया है।

### कालसर्प दोष शांति पूजन 19 अगस्त को

**धमतरी।** इस वर्ष भी कालसर्प दोष शांति पूजन को लेकर विप्र विद्वत परिषद की बैठक हुई। 19 अगस्त को रूद्रेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण रूद्री में कालसर्प दोष शांति पूजन का कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। पंजीयन शुल्क 3100 रूपये है। पंजीयन गणेश मंदिर मठ मंदिर चौक सदर बाजार रोड में किया जा रहा है। बैठक में परिषद के अध्यक्ष पंडित बालेन्द्र पाण्डेय, होमन प्रसाद शास्त्री, संतोष तिवारी, महेश शास्त्री, अयोध्या पाण्डेय, राजा तिवारी, महेन्द्र तिवारी, अशोक शास्त्री, राजू त्रिपाठी, चिन्तामणि त्रिपाठी, राजकिशोर पाण्डेय, संदीप दुबे, अरूण उपाध्याय, श्रीकांत तिवारी, शैलेन्द्र पाण्डेय, नरेश पाण्डेय उपस्थित थे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी पंडित राजकुमार तिवारी ने दी।

## एक जोड़ी गणवेश में कैसे आएं सप्ताहभर स्कूल?

■ जिले के 63 हजार 715 छात्रों को एक जोड़ी गणवेश का वितरण, दूसरी जोड़ी की खेप नहीं आई है

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी

स्कूली छात्रों को सिर्फ एक जोड़ी गणवेश दिया गया है। पूरे सप्ताहभर छात्र इसी गणवेश में स्कूल आते हैं। रविवार को गणवेश की धुलाई होती है। बारिश के चलते यह सूख नहीं पाता और सोमवार को छात्रों को गीले गणवेश में स्कूल आना पड़ता है।

शासन की योजना के तहत कक्षा पहली से आठवीं तक के छात्रों को गणवेश दिया जाता है। हर छात्र को दो जोड़ी गणवेश दिया जाता है, लेकिन इस साल अब तक एक जोड़ी गणवेश ही दिया गया है। दूसरे जोड़ी की खेप ही जिले में नहीं पहुंची है। मिली जानकारी के अनुसार जिले के सरकारी मिडिल और प्रायमरी स्कूल में 63 हजार 715 छात्र पढ़ रहे हैं। प्रत्येक छात्र को दो जोड़ी गणवेश के हिसाब से 1 लाख 27 हजार 430 जोड़ी गणवेश का वितरण किया जाना है, लेकिन स्कूलों में 63 हजार 715 जोड़ी गणवेश ही बांटे गए हैं। बताया गया है कि कुछ दिनों के बाद गणवेश की दूसरी खेप आएगी, तब छात्रों को वितरित किया जाएगा।

### एक जोड़ी में कैसे हो गुजारा

छात्रों को हर दिन गणवेश में स्कूल आने के लिए दबाव बनाया जाता है, लेकिन उन्हें सिर्फ एक जोड़ी गणवेश दिया गया है। बारिश के मौसम में रोज गणवेश गंदा हो रहा है, जिसे धोकर दूसरे दिन पहनना संभव नहीं है। बारिश के कारण एक दिन में गणवेश सूखता नहीं है। ऐसे में छात्रों को सप्ताह भर तक गंदे गणवेश में ही स्कूल आना पड़ता है।

### घर में अचेत पड़ा मिला युवक, मौत

**धमतरी।** घर में अचेत पड़े मिले युवक को उपचार के लिये अस्पताल लाया गया। जहां डाक्टर ने जांच के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया है।

अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम दर्री निवासी नीलमणी साहू पिता कृपाराम उम्र 32 वर्ष राजमिस्त्री का काम करता था। रविवार को उसकी पत्नी लक्ष्मी साहू नहावन कार्यक्रम में नगरी गई थी। जहां से शाम को वापस आकर अपने मायके में रूक गई। इस दौरान युवक घर पर अकेला था। रात में पत्नी ने अपने मायके से फोन पर युवक से बात की थी। सोमवार की सुबह लक्ष्मी ने दुबारा पति के पास फोन लगाई लेकिन उसके द्वारा फोन नहीं उठाया गया। तब महिला अपने घर दर्री पहुंची। भीतर जाने पर नीलमणी अचेत पड़ा हुआ था। महिला ने आसपास के लोगों को जानकारी दी। अस्पताल ले जाने की सलाह पर युवक को एम्बुलेंस से तत्काल उपचार के लिये जिला अस्पताल लाया गया। जहां डाक्टर ने चेकअप के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। चौकी पुलिस ने शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। युवक का मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

## बारिश के चलते एसपी आफिस की बाउंड्रीवाल गिरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी

■ जान माल का नुकसान नहीं

लगातार हो रही बारिश के कारण एसपी कार्यालय की बाउंड्रीवाल की दीवार ढह गई। इस घटना में किसी तरह का जान माल का नुकसान नहीं हुआ है।

अंचल में इन दिनों लगातार बारिश हो रही है। इसी बारिश के बीच सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय के बाउंड्रीवाल के मुख्यगेट के तरफ की दीवार गिरने के समय वहां पर कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था। जिससे किसी तरह की जनहानि नहीं हुई है। वहीं किसी वाहन को भी नुकसान नहीं पहुंचा है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि अनवरत हो रही बारिश के कारण बाउंड्रीवाल की दीवार कमजोर हो गई थी। जिसके कारण दीवार के गिर जाने की आशंका बनी हुई थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच स्थिति का जायजा लिया। इसके बाद सुरक्षा की दृष्टि से दीवार के आसपास के स्थान को खाली कराया गया। बताया जा रहा है कि उक्त बाउंड्रीवाल अधीक्षक कार्यालय भवन के साथ साथ बनाई गई थी। प्रत्येक वर्ष बारिश का सामना कर रही बाउंड्रीवाल कमजोर हो चली थी। पुलिस विभाग द्वारा क्षतिग्रस्त हिस्से की मरम्मत और आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था करने की तैयारी की जा रही है।



### अर्जुन रेसीडेंसी में हुई चोरी का दो महीने बाद भी खुलासा नहीं

## गंभीर बीमारी से जूझ रहा आशीष, उधर चोर ले गए इलाज के पैसे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी

गंभीर बीमारी के उपचार के लिए रखे नकदी व ज्वेलरी को चोर चोरी कर ले गए। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद है, लेकिन दो माह से ज्यादा बीत जाने के बाद भी पुलिस चोर तक नहीं पहुंच पाई है।

अर्जुन रेसीडेंसी कालोनी निवासी आशीष भट्टाचार्य 10 मई को परिवार सहित रायपुर गए थे।उसी रात्रि अज्ञात चोरों ने उसके सूने घर पर धावा बोल दिया। चोर खिड़की का ग्रील काटकर भीतर प्रवेश किए और आलमारी में रखे 2 लाख रुपए नगद व लगभग 2 लाख कीमत के ज्वेलरी पर हाथ साफ कर उसी रास्ते से फरार हो गए। आशीष के घर में चोरी करने के बाद चोरों ने उसी रात्रि कालोनी में एक शिक्षिका के मकान में भी चोरी की है। आशीष ने अपने घर में चोरी की शिकायत कोतवाली पुलिस थाने में दर्ज कराई है। घटना को लगभग दो माह बीत जाने के बाद भी पुलिस अब तक अज्ञात चोरों तक नहीं पहुंच पाई है। आशीष भट्टाचार्य ने बताया कि वह गंभीर बीमारी से पीड़ित है। उपचार के लिए उसे प्रत्येक माह रायपुर जाना पड़ता है। इलाज में मोटी रकम खर्च हो जाती है। उपचार कराने के लिए उसने रुपयो को संभाल कर आलमारी में रखा था लेकिन अज्ञात चोरों ने उसकी बीमारी के उपचार के लिए रखे पैसों की चोरी कर ली। रुपए के चोरी हो जाने के बाद वह इधर उधर से उधार मांगकर अपना इलाज करा रहा है। इसी सिलसिले में उसे 21 जुलाई को रायपुर जाना है। चोरों के संबंध में वह लगातार पुलिस से संपर्क कर रहा है।






## आज कोरबा में होगी छत्तीसगढ़ प्रांत सेन नाई समाज की प्रदेश स्तरीय बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी

छत्तीसगढ़ प्रांत सेन नाई समाज (पंजीयन क्रमांक 82) की प्रदेश स्तरीय महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार, 21 जुलाई को प्रातः 11 बजे श्रीवास सामुदायिक भवन, अंजनी कुंज, बुधवारी बाईपास रोड, कुआं भट्ठा, कोरबा में आयोजित की जाएगी। बैठक समाज के प्रदेश अध्यक्ष पुनीत राम सेन के निर्देशन में बुलाई गई है।

प्रदेश सचिव भुवनलाल कौशिक द्वारा जारी सूचना के अनुसार बैठक में विगत माह रायपुर के वृंदावन हॉल में आयोजित प्रदेश स्तरीय बैठक की समीक्षा, सामाजिक एवं संगठनात्मक विषयों पर चर्चा, समाज के आगामी त्रिवार्षिक निर्वाचन की अधिसूचना, निर्वाचन प्रक्रिया, कार्ययोजना एवं रूपरेखा पर विचार-विमर्श किया जाएगा। इसके अलावा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की नियुक्ति सहित प्रदेश अध्यक्ष की अनुमति से अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा होगी।

प्रदेश संगठन ने प्रांत के संरक्षकों, मार्गदर्शकों, प्रदेश पदाधिकारियों, संभाग प्रभारियों, जिला अध्यक्षों, जिला सचिवों, प्रबंधकारिणी एवं कार्यकारिणी सदस्यों तथा विभिन्न प्रकोष्ठों के अध्यक्षों समेत समस्त पार -फिरकों के प्रांत अध्यक्ष एवं सचिवों को आमंत्रित कर समय पर उपस्थित होने का आग्रह किया है। बैठक की तैयारियों की जिम्मेदारी महासचिव रुद्र सेन, उपाध्यक्ष आशुतोष श्रीवास, कोषाध्यक्ष किसन सेन तथा जिला सेन समाज, कोरबा के पदाधिकारियों को सौंपी गई है।

## खबर संक्षेप

### छत से गिरे घायल युवक की हुई मौत


**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत बारदेवरी निवासी 39 वर्षीय दीपक कुमार समरथ पिता केश्वर राम इलाज के दौरान रायपुर के अस्पताल में मौत हो गया। अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक छत से गिरकर घायल हो गया था। इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कया गया, जिसका 22 मई को मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### फांसी लगाकर दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत सिंगारभाट निवासी 40 वर्षीय सरजू यादव पिता स्व. माखन ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मृतक ने अज्ञात कारणो के चलते फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

## निधन

### कन्हैया लाल साहू



**धमतरी।** ग्राम लिमतरा के शारदा नाट्यकला मंच के हास्य कलाकार कन्हैया लाल साहू का 73 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। वे ब्रम्हा साहू के भाई तथा चेमनलाल साहू के पिताजी थे। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में परिजन एवं ग्रामीण सम्मिलित हुए।

# सिंधौरीकला में नशे पर सख्त पहरा, शाम 7 बजे के बाद चौक-चौराहों पर युवाओं की बैठकी बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

ग्राम सिंधौरीकला में युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर रोक लगाने और शिक्षा के स्तर में सुधार के उद्देश्य से ग्राम विकास समिति एवं ग्राम पंचायत की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में गांव को नशामुक्त, शिक्षित एवं अनुशासित बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय सर्वसम्मति से लिए गए।

बैठक में तय किया गया कि गांव में कोई भी व्यक्ति नशा करते हुए पाया जाता है तो उसके विरुद्ध तत्काल कार्रवाई की जाएगी। यदि किसी अन्य गांव का व्यक्ति भी सिंधौरीकला में आकर नशा करता मिला तो उसके खिलाफ भी नियमानुसार कार्रवाई होगी। ग्राम पंचायत ने नशे के खिलाफ सख्त निगरानी रखने का निर्णय लिया है। युवाओं में अनुशासन और अध्ययन की संस्कृति विकसित करने के लिए यह भी निर्णय लिया गया कि शाम 7 बजे के बाद कोई

**ग्राम विकास समिति एवं पंचायत के संयुक्त बैठक में लिया निर्णय**



भी युवा गांव के चौक-चौराहों पर अनावश्यक रूप से बैठा हुआ नहीं मिलेगा। ग्रामीणों का मानना है कि इससे सामाजिक बुराइयों पर अंकुश लगेगा और युवा पढ़ाई, खेलकूद तथा रचनात्मक गतिविधियों की ओर प्रेरित होंगे।

बैठक में शिक्षा सुधार को लेकर भी अहम निर्णय लिए गए। ग्राम विकास समिति की निरीक्षण समिति समय-समय पर विद्यार्थियों के घरों का आकस्मिक निरीक्षण कर उनकी पढ़ाई, नियमित उपस्थिति एवं शैक्षणिक प्रगति की जानकारी लेगी तथा अभिभावकों को आवश्यक मार्गदर्शन देगी।

बैठक में ग्राम प्रमुख श्रीकांत मिश्रा, सरपंच दुलार साहू, सचिव परमेश्वर साहू, उपसरपंच भूपेंद्र ध्रुव, भगत साहू, केवलराम साहू, गजेंद्र साहू, रिखीराम साहू, रमेश साहू, कन्हैया साहू, चोवाराम साहू, किशन साहू, महेश साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### साहू समाज, पुलिस पेंशनर व सरपंच संघ ने किया स्वागत, जनहित और कानून व्यवस्था पर हुई चर्चा

# एसपी भावना से विभिन्न संगठनों ने की सौजन्य भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

नवपदस्थ जिला पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना पांडेय से सोमवार को विभिन्न सामाजिक एवं कर्मचारी संगठन के प्रतिनिधिमंडलों ने सौजन्य भेंट कर उनका पुष्पगुच्छ एवं स्मृति-चिह्न भेंटकर स्वागत एवं सम्मान किया। इस दौरान जनहित, महिला सुरक्षा, कानून व्यवस्था तथा ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई।

जिला साहू समाज महिला प्रकोष्ठ के प्रतिनिधिमंडल ने एसपी श्रीमती भावना पांडेय का आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर समाजहित, महिला सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण, सामाजिक जागरूकता तथा प्रशासन और समाज के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर जनहित के कार्यों में सहयोग देने पर विचार-विमर्श हुआ। प्रतिनिधिमंडल में जिलाध्यक्ष गणेश साहू, संगठन सचिव विजय साहू, उपाध्यक्ष गोपाल साहू, प्रचार सचिव राजेंद्र साहू, सचिव कमलेश कांत साहू, राधेश्याम साहू, चोवाराम साहू, महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष जागृति टिकेश साहू, निर्मला साहू, ज्योति साहू, अंजलि महेंद्र साहू, भुनेश्वरी साहू, प्रभा साहू, गीता साहू, सविता साहू एवं अंजलि साहू सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।



जिला साहू समाज महिला प्रकोष्ठ ने जनहित कार्यों पर विचार-विमर्श किया।

इसी क्रम में पुलिस पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन धमतरी के संरक्षक सुभाष चंद्र चौधरी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने एसपी से मुलाकात कर उन्हें पुष्पगुच्छ एवं संगठन की पत्रिका मैत्री भेंट की। अध्यक्ष होरीलाल साहू ने बताया कि मुलाकात के दौरान एसपी ने सभी पेंशनरों से परिचय प्राप्त किया तथा उनके अनुभवों और जिले की कानून व्यवस्था, यातायात एवं अपराध नियंत्रण से जुड़े सुझावों पर चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल में अनिल सालुंके, तुलसीराम नागवंशी, संतोष साहू, अशोक द्विदी, अनिल केसरवानी, शत्रुघ्न पांडेय, बृजमोहन गढ़वाल, मोहन तिवारी, बच्चू सिंह छोकर, तुलसीराम यादव, भक्तराम साहू और चिरंजीलाल साहू सहित अन्य सदस्य शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल ने डीएसपी मीना साहू एवं सेवानिवृत्त उप पुलिस अधीक्षक के.बी. नागी से भी सौजन्य भेंट की।



पुलिस पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन ने अपराध नियंत्रण पर दिए सुझाव।

वहीं, ब्लॉक सरपंच संघ के पदाधिकारियों ने भी एसपी से मुलाकात कर ग्रामीण क्षेत्रों में नशाखोरी, शराबियों की गुंडागर्दी, लोगों को डराने-धमकाने तथा शासकीय भवनों के आसपास शराब सेवन जैसी समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने ऐसे असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की मांग की। इस पर एसपी श्रीमती पांडेय ने आश्वस्त किया कि शिकायत मिलने पर पुलिस अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करेगी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

इस दौरान संघ के अध्यक्ष हिमांशु शेखर साहू, जिला उपाध्यक्ष फागुराम साहू, कोषाध्यक्ष रामकुमार यादव, मीडिया प्रभारी प्रेमू चंद्रवंशी, सलाहकार प्रसून शुक्ला, लक्ष्मी बया सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



ब्लॉक सरपंच संघ के पदाधिकारियों ने समस्याओं से अवगत कराया।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### धमतरी मॉडल बना देश के लिए प्रेरणा, औषधीय ...

**150 एकड़ से शुरू हुआ परिवर्तन :** प्रथम चरण में लगभग 150 एकड़ क्षेत्र में 200 महिला स्व-सहायता समूह सदस्यों को जोड़ा गया। लगभग 80 एकड़ में खस, 20 एकड़ में ब्राम्ही, 10 एकड़ में बच तथा 40 एकड़ में लेमनग्रास, पामारोजा और पचौली का रोपण किया गया। कुछ ही समय में परिणाम सामने आने लगे। जो भूमि पहले अनुपयोगी मानी जाती थी, वहीं से प्रति एकड़ लगभग एक लाख रुपये तक की आय प्राप्त होने लगी। महिलाओं ने इस आय का उपयोग बच्चों की शिक्षा, परिवार की जरूरतों, कृषि उपकरणों की खरीद और छोटे व्यवसाय शुरू करने में किया। इससे उनकी आर्थिक स्थिति के साथ-साथ सामाजिक आत्मविश्वास में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई।

**राष्ट्रीय पहचान बना धमतरी मॉडल :** धमतरी के इस नवाचार को राष्ट्रीय स्तर पर भी सराहना मिली। 9 दिसंबर 2025 को नई दिल्ली में आयोजित महाकुंभ-2025 में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) और कृषि जागरण के संयुक्त मंच पर जिले को औषधीय एवं सुगंधीय पौधों के कृषिकरण में उत्कृष्ट कार्य के लिए राष्ट्रीय सम्मान प्रदान किया गया। इसके बाद हैदराबाद, बिहार, मध्यप्रदेश सहित अनेक राज्यों के किसान, अधिकारी, स्वयंसेवी संस्थाएं और विभिन्न संगठन धमतरी पहुंचकर इस मॉडल का अध्ययन करने लगे। आज धमतरी का मॉडल देश के अनेक जिलों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन चुका है।

### कंप्यूटर, पुस्तकालय प्रोजेक्टर, पेयजल और छात्राओं के कॉमन रूम सहित कई विकास कार्यों को मिली स्वीकृति

# कॉलेज विकास के लिए 11 लाख रुपए से अधिक के प्रस्ताव मंजूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कुरूद में जनभागीदारी समिति की बैठक अध्यक्ष टीकेश साहू की अध्यक्षता एवं प्राचार्य डॉ. अरुण कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में आयोजित हुई। बैठक में महाविद्यालय के शैक्षणिक एवं आधारभूत विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा कर उन्हें स्वीकृति प्रदान की गई।

बैठक में विज्ञान संकाय के लिए चार कंप्यूटर एवं प्रयोगशाला सामग्री खरीदने हेतु 6 लाख रुपये स्वीकृत



किए गए। वहीं वाणिज्य विभाग की मांग पर तीन माइक-साउंड सिस्टम तथा वाणिज्य, अंग्रेजी एवं प्राणीशास्त्र विभागों के लिए प्रोजेक्टर सेट खरीदे जाने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा पुस्तकालय को सुदृढ़ बनाने के लिए 5 लाख रुपये की पुस्तकों की खरीद को मंजूरी दी गई। छात्राओं के लिए कॉमन रूम निर्माण, अतिरिक्त स्टाफ रूम, स्वच्छ पेयजल व्यवस्था तथा पूर्व छात्र परिषद के गठन जैसे प्रस्तावों पर भी सहमति बनी।

बैठक में लोक निर्माण विभाग की अभियंता श्रीमती रूपमणी चंद्राकर, भारत भूषण पंचायन, भोजराज चंद्राकर, सूरज देवांगन, महेश केला, अनुराधा साहू, सुरेश वर्दायनी, शशांक कृदत्त, यदुनंदन साहू, श्रीमती ममता साहू, श्रीमती वर्षा निर्मलकर, मनीष सारथी, प्रभारी एम.एस. साहू, प्रोफेसर डॉ. आर.के. पाण्डेय, डॉ. हितनारायण टंडन, प्रोफेसर पवन कुमार ताम्रकार सहित जनभागीदारी समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# अवैध शराब बेचते युवक को पुलिस ने दबोचा

- 22 पौवा देशी शराब और बिक्री की नकदी जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

पुलिस ने कन्हारपुरी रोड नहर पुल के पास कार्रवाई करते हुए एक युवक को अवैध रूप से देशी शराब बेचते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से 22 पौवा देशी प्लेन शराब और बिक्री की नकदी सहित कुल 1,960 रुपये की सामग्री जब्त की गई।

पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिलने पर थाना कुरूद की टीम ने पंचनामा और अन्य कानूनी प्रक्रिया पूरी कर मौके पर दबिश दी। घेराबंदी के दौरान बंटी रतलानी (19



वर्ष), निवासी गांधी चौक, भोईपारा, कुरूद को शराब बेचते हुए पकड़ लिया गया। हालांकि पुलिस कार्रवाई की भनक लगते ही शराब खरीदने आए लोग मौके से फरार हो गए। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से 22 पौवा देशी प्लेन शराब (3.960 बल्क लीटर), जिसकी अनुमानित कीमत 1,760 रुपये है, तथा 200 रुपये बिक्री की रकम बरामद हुई। पुलिस द्वारा वैध लाइसेंस और दस्तावेज मांगे जाने पर आरोपी कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। जिसके चलते आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(ख) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई की गई।

पुलिस ने बताया कि जिले में अवैध शराब के निर्माण, परिवहन और बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए होटल, ढाबों, लॉज और अन्य संदिग्ध गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है तथा यह विशेष अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# धमतरी जिले सहित प्रदेश के हजारों कर्मचारी महारैली में हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पुरी


छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ एवं छत्तीसगढ़ धान खरीदी ऑपरेटर महासंघ के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय सामूहिक अवकाश लेकर जिले के दैनिक कर्मचारी सहित सभी नियमित एवं आपरेटर परिवार सैकड़ों की संख्या में धरनास्थल तुता रायपुर पहुंचे हुए थे। जिसमें चार सूत्रीय मांगों को लेकर सहकारी नेताओं ने अपने उद्बोधन दिया्। विगत 8 माह पहले 19 दिन आंदोलन अनिश्चितकालीन हुआ था । शासन प्रशासन से आश्वासन पश्चात धान खरीदी को देखते हुए महासंघ ने आंदोलन स्थगित कर दिया गया था, परंतु आज एक भी मांगों पर कोई सकारात्मक आदेश





नहीं होने से पूरे जिला सहित प्रदेश के कर्मचारी हताश उदास एवं आक्रोशित है। जिसे लेकर महा रैली धरना स्थल तुता रायपुर में किया गया। जिसमें पूरे छत्तीसगढ़ बस्तर से लेकर अंबिकापुर बिलासपुर से परिवार सहित कई हजार की संख्या में पदाधिकारी , कर्मचारी बीवी, बच्चे को लेकर पहुंचे हुए थे । शांति व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन ने 200 से लेकर 300 पुलिस महिला, पुरुष कर्मी की ड्यूटी लगाई हुई थी । विगत 3 वर्षों में आई धान की सूखत देने, ऑपरेटर को 12 माह वेतन देते हुए नियमितीकरण सहित, सेवा नियम संशोधन एवं मध्य प्रदेश सरकार के भांति तीन-तीन लाख रुपया प्रबंधकीय अनुदान देते हुए बैंक क्रेडर समिति प्रबंधक पर समिति के कर्मचारियों से 50% भर्ती एवं दैनिक कर्मचारियों को भी समिति के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु बोनस आदि देने की मांग मुख्यमंत्री, खाद्य मंत्री, सहकारिता मंत्री, वित्त मंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन प्रत्र देकर की। यदि मांग पूरी नहीं हुई तो महासंघ आगे बैठक आयोजित कर पूरे समिति के अंश धारी किसानों को लेकर परिवार सहित पुनः अनिश्चितकालीन आंदोलन करने बाध्य होंगे।

आंदोलन में देवेंद्र साहू धमतरी, रोहित साहू कोड़ेबोड़, योगेंद्र वर्मा, लिलेश्वर साहू ,किशन चंद्राकर, जगदीश यादव, ओम कुमार, मनोज साहू,नरेंद्र सिन्हा, नेपाल साहू सहित जिले के सभी ब्रांचों के समिति कर्मचारी गण परिवार सहित उपस्थित हुए। उक्त जानकारी नरेंद्र कुमार साहू ने दी है।




### शाउमावि फरसियां स्कूल में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति का गठन

# चमन निर्मलकर बने पालक समिति के अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फरसियाँ में पालकों की उपस्थिति में शाला प्रबंधन समिति का सर्वसम्मति से गठन किया गया। बैठक में 20 सदस्यीय समिति का चयन किया गया। जिसके बाद सदस्यों ने अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का निर्वाचन किया समिति के अध्यक्ष के पद पर चमन निर्मलकर, उपाध्यक्ष हीरा शंकर यादव, स्थानीय निकाय से अरुण प्रजापति, चंपा बाई साहू, केसरी बाई ध्रुव, अनीता साहू, शिक्षाविद के रूप में अशोक देवदास, सुदर्शन चनाप, यशवंत साहू, नंदनी साहू, शिक्षकों में यशपाल सिंह साहू, अरविंद कुमार सोम, निरुपमा श्रीमाली, किरण, पालक सदस्य के रूप में कुंदन लाल साहू, भरत



लाल साहू, खोलबाहरीन, और सदस्य सचिव के रूप में विद्यालय के प्राचार्य नीरज कुमार सोन, विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में केशव टेकाम सरपंच ग्राम पंचायत फरसियाँ, त्रिलोक साहू उपसरपंच ग्राम पंचायत फरसियाँ, कोमल कश्यप भूदानदाता, सुभाष कश्यप भूदानदाता, शिवदयाल साहू पूर्व अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति व चंद्रिका प्रसाद साहू पूर्व अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति का चयन किया गया। बैठक में हरक राम साहू, उमेश साहू, गोपीचंद विश्वकर्मा, सरोज कुमार साहू, छम्मनलाल व पालक, जनप्रतिनिधि व शिक्षक उपस्थित रहे।

Pride of Dhamtari




विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जोजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप

### आंबा कार्यकर्ताओं ने शुरू की सहायता की नई पहल



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका संघ ने अपने साथियों के निधन पर पीड़ित परिवारों की आर्थिक मदद के लिए नई पहल शुरू की है। शासन से मृत्यु उपरांत कोई अनुग्रह सहायता नहीं मिलने के कारण संघ ने सदस्यों से चंदा एकत्र कर सहयोग राशि देने का निर्णय लिया है। इसी क्रम में ग्राम कोड़ोगांव आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक-2 की दिवंगत कार्यकर्ता सरिता नागेश के आकस्मिक निधन पर कोदापाखा, साधुमिचगांव, कोड़ेकुर्से और हाटकोंदल सेक्टर की कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं ने 100-100 रुपये का योगदान जुटाकर उनके पति बीजू नागेश को 11 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की। संघ की पदाधिकारियों ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शासन की अनेक योजनाओं का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन करती हैं, फिर भी उन्हें शासकीय कर्मचारी का दर्जा और मृत्यु उपरांत आर्थिक सहायता नहीं मिलती। उन्होंने सरकार से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को शासकीय कर्मचारी का दर्जा और सभी सुविधाएं प्रदान करने की मांग की।

### बॉक्सिंग में दीपांशु बाला ने जीता रजत पदक

**पखांजुर।** लाइफ अकादमी हायर सेकेंडरी स्कूल पखांजुर के कक्षा 10वीं के छात्र दीपांशु बाला ने अंडर-17 राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में रजत पदक (द्वितीय स्थान) हासिल कर विद्यालय और क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। विद्यालय प्रबंधन ने दीपांशु को बधाई देते हुए इस सफलता का श्रेय बॉक्सिंग प्रशिक्षक एवं खेल शिक्षक एम. पॉल देव राव के मार्गदर्शन को दिया। साथ ही दीपांशु के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन की उम्मीद जताई।

### शाला प्रवेशोत्सव में 33 छात्राओं को मिली निःशुल्क सरस्वती सायकिल

**दुर्गूकोंदल।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस शासकीय कन्या आवासीय विद्यालय दुर्गूकोंदल में शाला प्रवेश उत्सव सह निःशुल्क सरस्वती सायकल वितरण कार्यक्रम उत्साह और गरिमा के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान नवप्रवेशी छात्राओं का तिलक, पुष्प एवं मिठाई से स्वागत किया गया। छात्राओं ने स्वागत गीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर अतिथियों का अभिनंदन किया। अतिथियों ने कक्षा 9वीं की 33 छात्राओं को शासन की निःशुल्क सरस्वती सायकल योजना के तहत सायकल वितरित की। सायकल मिलने पर छात्राओं ने खुशी व्यक्त की, वहीं पालकों ने योजना को बालिका शिक्षा के लिए उपयोगी बताया।

# बेलरगाँव में माता पहुंचानी कार्यक्रम श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

ग्राम बेलरगाँव में माता पहुंचानी का धार्मिक कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने ढोल-मजीरा की मधुर धुन माता सेवा दल उमेश देवागन, हरिदेव पटेल, भुवन दास, मोहित निषाद, भंवरलाल साहू, भूषण पटेल , देवकरण यादव, रिखबचंद सोनी, नंन्दलाल साहू, मोहन सार्वा, गनपत यादव, श्रीराम पटेल, झाड़ू राम सलाम, द्वारा सेवा गीत गाकर भजन कीर्तन कर शोभायात्रा निकाली। श्रद्धालुओं ने जयकारों के साथ पूरे गाँव में भक्तिमय वातावरण बना रहा।



माता पहुंचानी कार्यक्रम में महिला, पुरुष, बुजुर्ग एवं बच्चे सहित बड़ी संख्या में शामिल हुए। शोभायात्रा गाँव के प्रमुख मार्गों से होते हुए मंदिर परिसर पहुँची, जहाँ विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की गई। इस अवसर पर ग्रामीणों ने धार्मिक परंपराओं का पालन करते हुए पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम में भाग लिया। माता के दर्शन एवं पूजा-अर्चना के लिए दिनभर श्रद्धालुओं का मंदिर में आना-जाना लगा रहा। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं श्रद्धामय वातावरण में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से अमर सिंह पटेल, लीलाम्बर सिंह साहू अध्यक्ष कृषि एवं ग्राम विकास समिति बेलरगाँव, चुन्नू लाल साहू , जितु प्रजापति उपाध्यक्ष कोमल सोरी कोषाध्यक्ष, गिरधारी देवागन उमेद मरकाम संरपच ग्राम पंचायत बेलरगाँव पंडित खोमन प्रसाद उपाध्याय देव समिति सदस्य मेधुराम नेताम, भानु राम नेताम, सुरेश कुमार कोर्राम, खिरभान सिंह पवार, पवन पटेल , वार्ड पंच रमेश नेताम, भोलाराम बंजारे, रमलू कुंजाम, घनश्याम विश्वकर्मा, पुनऊ राम जुर्री, फगनू राम कुर्रे, धनराज ध्रुव, अशकरण, बलीराम देवांगन, जगुराम सोरी, प्रभुराम, कुशल साहू एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

### नियमित कृत्रिम गर्भाधान, समय पर टीकाकरण और नस्ल सुधार को बनाया जीवन का हिस्सा

# 75 वर्ष की उम्र, युवा सा जज़्बा : वैज्ञानिक पशुपालन से मिसाल बने ग्राम सिलघट के भजनाहा सोनकर

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

अक्सर यह माना जाता है कि बढ़ती उम्र के साथ कार्य करने की क्षमता कम हो जाती है, लेकिन धमतरी जिले के ग्राम सिलघट निवासी 75 वर्षीय धनऊ (भजनाहा) सोनकर इस धारणा को अपने कर्मों से प्रतिदिन गलत साबित कर रहे हैं। उम्र के इस पड़ाव में भी उनका उत्साह, अनुशासन और पशुपालन के प्रति समर्पण युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनकी सबसे बड़ी विशेषता केवल अथक मेहनत ही नहीं, बल्कि वैज्ञानिक पशुपालन के प्रति उनकी जागरूकता और आधुनिक तकनीकों को अपनाने की सोच भी है।



श्री सोनकर प्रतिदिन सुबह स्वयं खेतों से अपने गौवंशीय पशुओं के लिए हरा चारा काटते हैं और उसे साइकिल से घर तक लाते हैं। यह कार्य वे बिना किसी सहायता के नियमित रूप से करते हैं। वर्तमान में उनके पास एक एचएफ जर्सी संकर गाय, एक गिर जर्सी संकर गाय, एक गिर नस्ल की बछिया तथा एक बछड़ा सहित कुल चार गौवंशीय पशु हैं। इनकी देखभाल, चारा-पानी की व्यवस्था, स्वच्छता और पालन-पोषण का पूरा दायित्व वे स्वयं निभाते हैं।

पिछले कई वर्षों से वे अपने पशुओं में कृत्रिम गर्भाधान नियमित रूप से कराते आ रहे हैं। जैसे ही उनकी गाय हीट में आती है, वे बिना किसी देरी के तत्काल सूचना देते हैं। कई बार मई-जून की भीषण गर्मी में भी वे लगभग 3 से 4 किलोमीटर साइकिल चलाकर क्षेत्र के एवीएफओ चंद्रशेखर निर्मलकर के पास स्वयं पहुँचते और उन्हें अपने साथ लेकर कृत्रिम गर्भाधान कराने जाते थे। उनकी यह तत्परता बताती है कि वे बेहतर नस्ल और अधिक दुग्ध उत्पादन के लिए वैज्ञानिक तरीकों को कितनी गंभीरता से अपनाते हैं।

एवीएफओ चंद्रशेखर निर्मलकर बताते हैं कि पिछले 11 वर्षों से, जब से उनकी इस क्षेत्र में पदस्थापना हुई है, तब से धनऊ सोनकर अपने पशुओं में नियमित कृत्रिम गर्भाधान कराकर नस्ल सुधार अभियान में निरंतर सहयोग कर रहे हैं। ऐसे जागरूक पशुपालकों के कारण ही क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता वाली दुग्ध उत्पादक नस्लों का विकास संभव हो पाया है। इतना ही नहीं, श्री सोनकर प्रत्येक वर्ष अवांछित (नाटे) नस्ल के सांडों का बधियाकरण भी कराते हैं तथा अपने सभी पशुओं का खुरपका-मुंहपका, गलघोटू, लम्पी स्किन डिजीज सहित सभी आवश्यक टीकाकरण समय पर लगवाते हैं। पशुओं के स्वास्थ्य, नस्ल सुधार और वैज्ञानिक प्रबंधन को वे सर्वोच्च प्राथमिकता देते हैं।

श्री सोनकर का मानना है कि पशुपालन केवल अतिरिक्त आय का साधन नहीं, बल्कि ग्रामीण परिवारों की आत्मनिर्भरता का मजबूत आधार है। नियमित देखभाल, संतुलित पोषण, समय पर उपचार और वैज्ञानिक प्रबंधन से पशु स्वस्थ रहते हैं, दुग्ध उत्पादन बढ़ता है और परिवार की आय में भी निरंतर वृद्धि होती है।

धनऊ (भजनाहा) सोनकर का जीवन यह संदेश देता है कि सफलता का संबंध उम्र से नहीं, बल्कि संकल्प, वैज्ञानिक सोच और निरंतर मेहनत से होता है। उनका श्रम, अनुशासन और पशुपालन के प्रति समर्पण न केवल ग्रामीण समाज बल्कि युवा पीढ़ी के लिए भी प्रेरणास्रोत है।

# भ्रष्टाचार–कमीशनखोरी और बदहाली के खिलाफ कांग्रेस पार्षद दल का निगम घेराव

- भ्रष्टाचार के आरोप पर कांग्रेस पार्षद दल 21 जुलाई को नगर निगम का घेराव करेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

नगर निगम के कांग्रेस पार्षदों ने बताया है नगर निगम के डेढ़ वर्षों के कार्यकाल भ्रष्टाचार, कमीशन खोरी के भेट चढ़ गया है। जनता के पैसों का खुलेआम दुरुपयोग कर रिक्शा खरीदी घोटाला, बेलिंग मशीन घोटाला, टिप्पर –चैन माउंटेन घोटाला, डीजल घोटाला हुए है । पट्टा विहीन परिवारों को पट्टा प्रदान कर आवास योजना का लाभ देंगे चुनावी वादा कर ये निगम की सत्ता में काबिज हुए है किंतु आज डेढ़ वर्ष बीत जाने के बाद न पट्टा मिला न आवास योजना का लाभ मिल पा रहा है । पी.एम आवास के रुके किस्त के लिए हितग्राहियों को 6 माह तक भटकना पड़ रहा है ।वृद्धा–विधवा पेंशन के हितग्राहियों को कभी kyc के नाम से तो कभी आधार कार्ड, बैंक पास बुक अपडेट के नाम से घुमाया जा रहा है। इन डेढ़ वर्षों में वार्डो के विकास कार्य रुक गए कोई भी विकास नहीं किया जा रहा है । हाल ये है कि निगम दो टाइम का साफ पानी भी नहीं दे पा रहा है आये दिन पानी की समस्या बनी रहती जिसका कोई स्थायी समाधान नहीं हो पा रहा है।

शहर की सड़के बदहाल है आम जनता का चलना दूभर हो गया है। स्थिति इतनी गंभीर है कि ये निगम कार्यालय के सामने की सड़क नहीं बना पा रहे है अंबेडकर चौक से टिकरापारा रोड नेशनल हाईवे 30 की लाइटे बंद है तो वार्डो की स्ट्रीट लाईंटों का क्या हाल होगा। शीतलापारा वार्ड में पिछले एक महीने से लाइट बंद है जिसका सुधार अब तक नहीं हो पा रहा है । ये निगम जनता को मूलभूत सुविधा नहीं दे पा रही है, जनता के टैक्स बढ़ा दिए जा रहे लेकिन सुविधाओं में कोई इजाफा नहीं किया जा रहा है। नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर, उपनेता प्रतिपक्ष सत्येंद्र (विशु)देवांगन, पार्षद योगेश लाल, पूर्णिमा गजानंद रजक, सूरज गहरवाल, सुमन सोमेश मेश्राम, उमा भागी ध्रुव, रामेश्वरी कोसरे ने बताया कि जनहित मुद्दों को लेकर 21 जुलाई दिन मंगलवार को सुबह 11 बजे मकई गार्डन से पदयात्रा निकाल कर निगम कार्यालय का घेराव किया जाएगा। कांग्रेसी पार्षदों ने शहर वासियों से अपील की है कि जनहित मुद्दों को लेकर ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल होकर निगम घेराव में शामिल होवे।

# शिक्षा में नवाचार के लिए संतोष कुमार सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले देश के चुनिंदा शिक्षकों को सम्मानित करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय शिक्षा अंजोर भारत द्वारा स्व. हरिवंश मिश्र राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन रायपुर के विमतारा भवन में किया गया। इस समारोह में शासकीय प्राथमिक शाला टेंगना में पदस्थ नवाचारी शिक्षक संतोष कुमार बांधव का सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. हिमांशु द्विवेदी प्रधान संपादक हरिभूमि थे। अध्यक्षता एनआर स्टील रायगढ़ के संस्थापक एवं समाजसेवी संजय अग्रवाल ने की। विशिष्ट अतिथि पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के पूर्व विभागाध्यक्ष (भाषा विज्ञान) व रेल मंत्रालय के राजभाषा हिंदी सलाहकार डॉ. चितरंजन तथा



राष्ट्रीय शिक्षा अंजोर के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. पूर्णानंद मिश्रा थे। अतिथियों ने श्री बांधव को सम्मान पत्र और स्मृति चिन्ह भेंटकर राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से अलंकृत किया। आयोजकों के अनुसार शिक्षक संतोष कुमार बांधव को मिला यह सम्मान मात्र एक पुरस्कार नहीं है, बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में उनकी उत्कृष्टता, नवाचार, सामाजिक उत्तरदायित्व और राष्ट्र निर्माण के प्रति उनके समर्पण का राष्ट्रीय अभिनंदन है।

# बोदाछापर को नपं छाती में शामिल करने का विरोध



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

- स्वतंत्र पंचायत का दर्जा देने की मांग

प्रस्तावित नगर पंचायत छाती में ग्राम बोदाछापर को शामिल करने का विरोध ग्रामीणों ने किया है। सोमवार को कलेक्टोरेट पहुंचे बोदाछापर के ग्रामीणों ने कलेक्टर के नाम आवेदन में कहा है कि गत दिनों मुख्यमंत्री का आगमन ग्राम छाती में हुआ था, जहां ग्राम के विकास के लिए छाती को नगर पंचायत बनाने की घोषणा की है। ग्रामीणों का कहना है कि छाती से 7 किमी दूर बोदाछापर के वासियों को नगर पंचायत में शामिल होने का कोई लाभ नजर नहीं आ रहा है।

ग्रामीणों की बैठक में बोदाछापर को पूर्ण ग्राम पंचायत का दर्जा देने का प्रस्ताव किया है। उन्हें दूसरे ग्राम या नगर पर आश्रित होना गवारा नहीं है। ग्राम पंचायत देवरी सरपंच, बोदाछापर ग्राम विकास समिति ने गांव की बहुप्रतिक्षित मांग स्वतंत्र ग्राम पंचायत का दर्जा देने की मांग की है।

### 9 बालिकाओं को लगा एचपीवी का टीका

**धमतरी।** शासकीय हाईस्कूल लोहरसी में सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु एचपीवी टीका लगाया गया जिसमें 14 से 15 वर्ष के बीच की 9 बालिकाएं लाभान्वित हुईं। इस आयोजन में डॉ ओमेश्वरी ध्रुव, एआर मरकाम, एस चंद्राकर, पल्लवी देवांगन, अंबिका कतलाम का विशेष सहयोग रहा। प्राचार्य एमएम दास एवं स्टाफ ने इसकी सराहना की।




## अंचल की खबरें

### सेजेस कंडेल में चित्रकला प्रतियोगिता का सफल आयोजन



**धमतरी।** स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कंडेल में विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी कल्पनाशीलता, कलात्मक कौशल एवं सृजनात्मक सोच का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने रंगों के माध्यम से प्रकृति, पर्यावरण, राष्ट्रप्रेम, सामाजिक संदेश तथा विविध प्रेरणादायक विषयों पर आकर्षक चित्र प्रस्तुत किए। विद्यालय के प्राचार्य राहुल सिंह नेताम ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएँ बच्चों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास एवं अभिव्यक्ति की क्षमता का विकास करती हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए भविष्य में भी इसी उत्साह के साथ विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

### संयुक्त शिक्षक कल्याण समिति ने शिक्षिका को दी 30 हजार की आर्थिक सहायता



**कुरूद।** संयुक्त शिक्षक कल्याण समिति, कुरूद द्वारा स्थापित मेडिकल रिलीफ फंड के माध्यम से जरूरतमंद शिक्षकों की सहायता का सिलसिला लगातार जारी है। इसी कड़ी में मेडिकल रिलीफ फंड की पंजीकृत सदस्य एवं प्राथमिक शाला बालक कुरूद की सहायक शिक्षिका श्रीमती रति चंद्राकार को लंबी बीमारी के उपचार के लिए 30 हजार रुपये की आर्थिक सहायता का चेक प्रदान किया गया। समिति के नियमों एवं जांच दल की अनुशंसा के आधार पर यह सहायता राशि संयुक्त शिक्षक संघ ब्लॉक कुरूद के अध्यक्ष हुमन चंद्राकर एवं मेडिकल रिलीफ फंड के कोष प्रभारी मिथलेश कंवर ने प्रदान की। इस अवसर पर ऊषा धुव, दीपिका दीवान, दीपमाला सिन्हा, पूजा सैनिक, रानू बैंस, देवनारायण साहू, हुकुमचंद साहू, पारस कुमार यादव, सतीश कुमार साहू, ब्लॉक संयोजक अशोक निर्मलकर, हरीश निर्मलकर एवं टोवेंन्द्र बैस सहित अनेक शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### सोशल क्लब धमतरी ने तीन विद्यार्थियों की वार्षिक विद्यालय शुल्क का किया भुगतान



**धमतरी।** सोशल क्लब धमतरी द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वहन करते हुए नूतन हाई स्कूल, सिहावा चौक, धमतरी के तीन जरूरतमंद विद्यार्थियों की वर्षभर की विद्यालय शुल्क राशि 19,800 प्रदान की गई। यह कार्यक्रम सोमवार, 20 जुलाई 2026 को प्रातः 11:00 बजे आयोजित किया गया। इस अवसर पर क्लब की सदस्यों ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर सहयोग का संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम में श्रीमती सीमा अग्रवाल, श्रीमती रीता लुंकड़, श्रीमती सरोज अग्रवाल, श्रीमती सुनीता अग्रवाल, डॉ. चटर्जी, श्रीमती दीपा अग्रवाल, श्रीमती ओमलता राठी, श्रीमती भारती क्रीदत, श्रीमती अनु नंदा, श्रीमती सुनीता सिंघल, श्रीमती ममता अग्रवाल, श्रीमती मीना खंडेलवाल, डॉ. वर्षा जैन, श्रीमती अनीता अग्रवाल, श्रीमती माला महावर तथा श्रीमती स्नेह अग्रवाल उपस्थित रहीं।

### हरियाली सप्ताह का चौथा दिन : विधायक चंद्राकर ने किया पौधरोपण, ग्रीन कुरूद का लिया संकल्प



**कुरूद।** नगरपालिका परिषद कुरूद द्वारा आयोजित हरियाली साप्ताहिक उत्सव-2026 के चौथे दिन नगर में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए विभिन्न स्थानों पर पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम में कुरूद विधायक अजय चंद्राकर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और उनके करकमलों से पौधरोपण कर अभियान का शुभारंभ किया गया। नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति भानु चंद्राकर ने बताया कि सप्ताहभर चल रहे इस अभियान के तहत नगर के प्रमुख स्थलों पर एक हजार से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। चौथे दिन स्वामी विवेकानंद मंगल भवन परिसर, केनाल रोड, शिक्षक कॉलोनी मुख्य मार्ग से बैद्यनाथ मंदिर तक सहित विभिन्न स्थानों पर 100 से अधिक पौधे लगाए गए। चार दिनों में अब तक लगभग 600 पौधों का रोपण किया जा चुका है। कार्यक्रम में विधायक अजय चंद्राकर ने पर्यावरण संरक्षण को जनभागीदारी से जोड़ने पर जोर देते हुए नगरवासियों और नगरपालिका की टीम को इस अभियान के लिए बधाई दी। उन्होंने अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का संकल्प भी दिलाया। उन्होंने कहा कि जनसहभागिता से ही ग्रीन कुरूद एवं क्लीन कुरूद का सपना साकार होगा। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि भानू चन्द्राकर, पार्षदगण, भाजपा संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता, विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि, सीएमओ, कर्मचारी, वन विभाग के कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

### भोयना में मां शीतला भवन का लोकार्पण

**धमतरी।** विधायक ओंकार साहू ग्राम भोयना में आयोजित मां शीतला भवन के लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने मां शीतला की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री ने कहा कि मां शीतला भवन ग्राम की आस्था, संस्कृति और सामाजिक एकता का केंद्र बनेगा। ऐसे धार्मिक एवं सामाजिक स्थल समाज में भाईचारा, सद्भाव और सेवा की भावना को मजबूत करते हैं। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी धमतरी ग्रामीण के अध्यक्ष खिलेन्द ध्रुव ने कहा कि मां शीतला भवन का लोकार्पण ग्रामवासियों की आस्था और सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने और नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़ने का कार्य करते हैं।

## खबर संक्षेप

### ग्राम जोगीडीह के राजस्व अभिलेखों पर 15 दिवस के भीतर करें दावा-आपत्ति प्रस्तुत

**धमतरी।** जिले के असर्वेक्षित ग्रामों के राजस्व सर्वेक्षण कार्य के अंतर्गत ग्राम जोगीडीह, प.ह.नं. 40, राजस्व निरीक्षक मंडल कोलियारी, तहसील धमतरी का राजस्व सर्वेक्षण पूर्ण कर प्रारंभिक प्रकाशन उपरांत एक नक्शा शीट एवं सर्वे सूची अंतिम प्रकाशन हेतु उपलब्ध करा दी गई है। राजस्व विभाग द्वारा तैयार किए गए खसरा एवं नक्शा अभिलेख संबंधित ग्राम पंचायत भवन में कार्यालयीन समय के दौरान भू-धारकों एवं आमजन के अवलोकन हेतु उपलब्ध रहेंगे। कलेक्टर एवं जिला सर्वेक्षण अधिकारी अबिनाश मिश्रा ने कहा कि तैयार किए गए नक्शा शीट एवं खसरा अभिलेखों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो, तो प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के भीतर स्वयं अथवा अधिकृत अभिभाषक के माध्यम से कार्यालयीन समय में लिखित अथवा मौखिक रूप से प्रस्तुत कर सकते हैं। विभाग ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त होने वाले दावा-आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। संबंधित भू-धारकों एवं हितग्राहियों से समय-सीमा के भीतर अभिलेखों का अवलोकन कर आवश्यक दावा-आपत्ति प्रस्तुत करने की अपील की गई है।

### सब्जी मंडी के पास से स्कूटी चोरी

**महासमुंद।** सब्जी मंडी बागबाहरा के पास से स्कूटी चोरी होने के मामले में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। बागबाहरा पुलिस ने बताया कि नेतराम देवांगन 17 जून को स्कूटी क्रमांक सीजी 06 जीजे 8037 से महासमुंद से ग्राम साल्हेभांठा जा रहा था। करीब 11 बजे सब्जी बागबाहरा के पास स्कूटी को खड़ी कर बाजार गया था, वापस लौटने पर उक्त जगह पर स्कूटी नहीं थी, जिसे किसी अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर लिया।

# तिर्रा कोलियारी पर्यटन समिति गठन में अनियमितता का आरोप

- ग्रामीणों की मांग पर जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा ने अधिकारियों को दिए जांच के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

ग्राम पंचायत तिर्रा कोलियारी पुराना पारा जिला धमतरी के ग्रामीण सोमवार को जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा से मुलाकात कर अपनी समस्याएं विस्तार से रखीं। इस दौरान ग्रामीणों ने ग्राम में गठित पर्यटन समिति के गठन को लेकर गंभीर आपत्ति दर्ज कराते हुए समिति को निरस्त करने की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि समिति का गठन ग्रामसभा की सहमति एवं निर्धारित प्रक्रिया का पालन किए बिना किया गया है, जिससे गांव में असंतोष एवं नाराजगी का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने जिला पंचायत अध्यक्ष को बताया कि पर्यटन समिति के गठन में पारदर्शिता नहीं बरती गई तथा ग्रामवासियों एवं ग्राम प्रमुखों को विश्वास में नहीं लिया गया। ग्रामीणों ने मांग की है कि वर्तमान समिति को तत्काल निरस्त कर ग्रामसभा के माध्यम से सभी की सहमति एवं नियमानुसार नई समिति का गठन किया जाए। ग्रामीणों की बातों को



गंभीरता से सुनते हुए श्री सार्वा ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर चर्चा की तथा पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि किसी भी समिति का गठन लोकतांत्रिक प्रक्रिया, पारदर्शिता और ग्रामवासियों की सहभागिता के आधार पर होना चाहिए। श्री सार्वा ने स्पष्ट कहा कि ग्रामवासियों की भावनाओं एवं अधिकारों की अनदेखी स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप विकास कार्यों में जनभागीदारी सबसे महत्वपूर्ण है और प्रत्येक निर्णय ग्रामसभा की सहमति एवं नियमों के अनुरूप ही होना चाहिए। इस दौरान ग्रामवासी देवानंद कुरेटी, भंवर निषाद, किरण चंद्राकर, पण्डो मंडावी, नियाज अली, पुलक मरकाम, रामेश्वर साहू, तौफीक खान, जितेंद्र कुमार, डोमेन्द्र निषाद, भुनेश्वर नागेश, कीर्तन निषाद, पुनेश नेताम, प्रेमलाल मांडवी, शिव नेताम, अमजद खान, शेखर निषाद, चरण निषाद, परमेश्वर निषाद, नीलकंठ निषाद, पवन कुमार, देवजी राम साहू उपस्थित रहे।

## बकरी पालन से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़े अश्वनी ध्रुव

# सरकारी योजना ने बदली पशुपालक की तकदीर

- नेशनल लाइवस्टॉक मिशन से साकार हुआ आत्मनिर्भरता का सपना, आधुनिक बकरी पालन से समृद्धि की नई राह खुली
- 20 लाख रुपये की इकाई पर 50 प्रतिशत अनुदान, उन्नत नस्ल और वैज्ञानिक पशुपालन से बढ़ेगी आय, आसपास के पशुपालकों को भी मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी





कृषि के साथ पशुपालन को आय का सशक्त माध्यम बनाने की दिशा में केंद्र सरकार की नेशनल लाइवस्टॉक मिशन योजना जिले के पशुपालकों के लिए नई संभावनाओं के द्वार खोल रही है। इसी कड़ी में धमतरी जिले में योजना अंतर्गत 3 बकरी पालन इकाइयों एवं 2 मुर्गी पालन इकाइयों को स्वीकृति प्रदान की गई है। इनमें विकासखंड धमतरी के ग्राम भटगांव निवासी प्रगतिशील पशुपालक अश्वनी ध्रुव की बकरी पालन इकाई ग्रामीण स्वरोजगार और वैज्ञानिक पशुपालन का प्रेरणादायी उदाहरण बनकर उभरी है।

अश्वनी ध्रुव द्वारा ग्राम विश्रामपुर में लगभग 20 लाख रुपये की लागत से आधुनिक बकरी पालन इकाई स्थापित की गई है। इस इकाई के लिए उन्होंने 100 उन्नत नस्ल की बकरियों एवं 05 बकरों का क्रय किया है। नेशनल लाइवस्टॉक मिशन के तहत इस परियोजना पर 50 प्रतिशत अर्थात 10 लाख रुपये का अनुदान प्रदान किया जा रहा है। प्रथम किस्त के रूप में 05 लाख रुपये की अनुदान राशि उन्हें प्राप्त हो चुकी है, जबकि पशुओं के क्रय, स्वास्थ्य परीक्षण एवं बीमा की औपचारिकताएं पूर्ण होने के बाद द्वितीय किस्त जारी की जाएगी।

योजना के प्रावधानों के अनुसार पशुधन का बीमा अनिवार्य है। इसी क्रम में 17 जुलाई 2026 को पशुधन विकास विभाग के उपसंचालक डॉ. अवधेश कुमार मरकाम, विकासखंड धमतरी के डॉ. सुरेंद्र कुमार मरकाम, उपसंचालक कार्यालय के डॉ. प्रमोद ठाकुर तथा बजाज इंश्योरेंस कंपनी के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में सभी बकरियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा उनका बीमा कराया गया। बकरियों की पहचान सुनिश्चित करने के लिए सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी प्रेम लाल साहू द्वारा टैगिंग भी की गई।

पशुपालक को बकरी पालन के वैज्ञानिक प्रबंधन, संतुलित पोषण, टीकाकरण, रोग नियंत्रण, प्रजनन प्रबंधन तथा स्वच्छ पशुशाला संचालन संबंधी विस्तृत तकनीकी मार्गदर्शन दिया गया। साथ ही आवश्यक औषधियां उपलब्ध कराते हुए नियमित स्वास्थ्य परीक्षण एवं विभागीय सहयोग का भरोसा भी दिलाया गया।

इस परियोजना का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि इकाई में उपलब्ध उन्नत नस्ल के बकरों से आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के पशुपालकों को भी नस्ल सुधार का लाभ मिलेगा। इससे स्थानीय बकरियों की उत्पादकता बढ़ेगी, बच्चों की गुणवत्ता में सुधार होगा तथा पशुपालकों की आय में दीर्घकालिक वृद्धि सुनिश्चित होगी। अश्वनी ध्रुव की सफलता इस बात का प्रमाण है कि शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन और पशुपालकों की मेहनत मिलकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती प्रदान कर सकते हैं।

# आईटीबीपी जवान खिलेश ध्रुव का असामायिक निधन

- अंचल में शोक व्याप्त, आज गृहग्राम शंकरदाह में होगी राजकीय सम्मान के साथ अंत्येष्ठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



देशसेवा के लिए समर्पित जवान खिलेश कुमार ध्रुव का असामायिक निधन से अंचल में शोक की लहर है। जिला मुख्यालय से लगे ग्राम शंकरदाह निवासी भारत तिब्बत सीमा पुलिस/आईटीबीपी पदस्थ जवान खिलेश ध्रुव 32 वर्ष का रविवार को गुवाहाटी असम में असामायिक निधन हो गया है। देश सेवा को समर्पित जवान के निधन की खबर से जिला सहित ग्राम शंकरदाह में शोक की लहर व्याप्त है। परिवार, रिश्तेदार, मित्र और क्षेत्रवासी इस दुखद समाचार से स्तब्ध है।

स्व.खिलेश कुमार ध्रुव ग्राम शंकरदाह निवासी थे। उनके बड़ेभाई खूबचंद ध्रुव पंचायत विभाग में पंचायत सचिव के पद पर कार्यरत हैं। पारिवारिक जानकारी के अनुसार खिलेश कुमार छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित नारायणपुर कैंप में ड्यूटी पूरी कर वापस गुवाहाटी/असम लौट रहे थे। इसी दौरान उनकी तबीयत अचानक खराब हो गई। उपचार के हरसंभव प्रयास के बावजूद रविवार को उनका निधन हो गया।

जवान खिलेश ध्रुव 2013-14 से आईटीबीपी में पदस्थ थे। अपने कर्तव्यनिष्ठ, सरल एवं मिलनसार स्वभाव के कारण परिवार, समाज और अपने साथियों के बीच विशेष पहचान रखते थे। उन्होंने देश की सेवा एवं सीमाओं की सुरक्षा को सर्वोच्च धर्म माना और पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ दायित्वों का निर्वहन किया। उनके निधन से न केवल परिवार को अपूरणीय क्षति हुई है बल्कि पूरे क्षेत्र ने एक राष्ट्र भक्त को खो दिया है। परिजनों के अनुसार उनकी पार्थिव शरीर गृह ग्राम शंकरदाह लाया जाएगा। मंगलवार 21 जुलाई को राजकीय सम्मान एवं धार्मिक रीति रिवाज के साथ उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। अंतिम दर्शन एवं अंत्येष्ठी में बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, प्रशासनिक अधिकारी एवं विभिन्न वर्गों के लोग शामिल होंगे। जवान के निधन पर जनप्रतिनिधियों, समाजिक संगठनों, पंचायत प्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने शोक व्यक्त करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी है।

# सरगी स्कूल में शिक्षक की कमी, पालकों ने जड़ा ताला

- बीईओ के आश्वासन पर खुला ताला, एक शिक्षक की हुई व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड



मगरलोड विकासखंड के ग्राम सरगी के शासकीय प्राथमिक व माध्यमिक शाला में शिक्षक की कमी है। बच्चों के भविष्य को लेकर चिंतित पालकों ने 1 जुलाई को शिक्षाधिकारी को ज्ञापन सौंप कर शिक्षक की मांग की थी लेकिन शिक्षक की व्यवस्था नहीं की गई। नाराज पालकों ने 16 जुलाई को अल्टीमेटम दिया था कि 18 जुलाई तक शिक्षक की व्यवस्था नहीं होने पर स्कूल में ताला जड़ देंगे। इसके बाद भी पालकों की मांग पर ध्यान नहीं दिया गया। सोमवार सुबह करीब 9.30 बजे सभी पालक स्कूल के सामने पहुंचे और मेन गेट में ताला लगा दिया। तालाबंदी की जानकारी मिलते ही बीईओ मनीष ध्रुव, एबीईओ केएस ध्रुव पहुंचकर ताला खुलवाया। तब बच्चे और शिक्षक स्कूल अंदर गए।

राज्य सरकार हर वर्ष शिक्षा पर करोड़ों रुपए खर्च कर रही है लेकिन आज भी ब्लॉक के कई स्कूलों में शिक्षक की कमी बनी हुई है। इसी में से एक मगरलोड ब्लाक के ग्राम सरगी का स्कूल है। यहां के सरपंच हरि विनायक सिन्हा व शाला प्रबंध विकास समिति अध्यक्ष नरेश धृतलहरे ने बताया कि प्राथमिक शाला में दर्ज संख्या 69 है और कार्यरत शिक्षक सिर्फ 2 है। माध्यमिक शाला में दर्ज संख्या 67 है और कार्यरत शिक्षक 3 हैं, जिनमें एक शिक्षक संकुल समन्वयक हैं। दोनों स्कूलों में एक-एक शिक्षक की कमी है, जिससे पढ़ाई प्रभावित हो रही है। बार बार शिक्षक की मांग करने के बाद भी शासन प्रशासन द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया गया। बीईओ मनीष ध्रुव ने बताया कि पालकों द्वारा स्कूल में तालाबंदी की गई थी। सरगी प्राथमिक शाला में एक शिक्षक की व्यवस्था तत्काल की गई। तालाबंदी कर प्रदर्शन करने वालों में पालक गैंदराम सिन्हा, गोरे लाल साहू, नील कुमार निषाद, पन्ना राम साहू, हुमन सिन्हा, प्रीतम ध्रुव, रोहित साहू, दिलीप दीवान, डोमन ध्रुव, पंचू राम, पोखन ध्रुव, छगन सेन आदि उपस्थित रहे।

# चाकू मारकर हत्या, दो आरोपियों को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



पुरानी रंजिश को लेकर चाकू से युवक की हत्या करने वाले दो आरोपियों ने न्यायालय ने आजीवन कारावास और 500-500 रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड नहीं चुकाने पर 1-1 साल अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतना होगा।

मामला 31 जनवरी 2025 की है। रितेश पेंदरिया और उसका दोस्त शंकर ढीमर रात 11 बजे पड़ोसी के घर छट्ठी कार्यक्रम में खाना खाने के लिए गए थे। खाना खाकर लगभग 11:30 बजे मराठा मंगल भवन के पास पीपल पेड़ के नीचे चबूतरे में बैठकर अपने-अपने काम के बारे में बातचीत कर रहे थे। उसी समय आरोपी कुई उर्फ मोनू गोंड़ और उसका साथी जन्मदेव सोरी उनके पास आकर किसी पुरानी बात को लेकर शंकर ढीमर से विवाद करने लगे। इस दौरान मोनू ने चाकू निकालकर उस पर हमला बोल दिया। शंकर ढीमर के पेट में चाकू से गहरा जख्म हो गया। प्रतिकार करते हुए शंकर ने उसका हाथ पकड़ लिया तभी आरोपी जन्मदेव ने अपने जेब से चाकू निकालकर शंकर के पेट में 2-3 बार मारा, जिससे शंकर नीचे गिर गया। रितेश ने जब बीच बचाव की कोशिश की तो मोनू उसे धमकी दी कि वह वहां से भाग जाए नहीं तो उसे भी मार डालेगा। रितेश डर कर भाग गया। मारपीट के बाद दोनों आरोपी वहां से भाग गए। तब रितेश ने शंकर के भाई शंभू ढीमर को फोन पर घटना की सूचना दी। सूचना के बाद शंभू अपने साथी विक्की, गोपाल ध्रुव, पप्पू गणेश ढीमर एवं शुभम ध्रुव के साथ घटना स्थल पर आया।

चोटिल अवस्था में बेहोश शंकर को उन्होंने जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां पर डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शंभू के साथ सिटी कोतवाली में रितेश ने इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई। मामला अपर सत्र न्यायाधीश अर्चना भास्कर के न्यायालय में चला। सभी गवाहों और सबूतों पर गौर करने के बाद न्यायाधीश ने दोनों आरोपियों को भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) सहपठित धारा 3(5) का दोषी पाया। दोनों आरोपियों को आजीवन कारावास और 500-500 रुपए अर्थदंड से दंडित किया।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
15 सितम्बर, 26 सितम्बर,10 अक्टूबर, 22 अक्टूबर, 2026, 02 मई 2027
राशि:-स्लीपर-18,500/-, 3 एसी- 26,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

# कुरूद मंडी में आरबी-पुराना धान को मिला 3121 रुपये का अधिकतम भाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद



कृषि उपज मंडी समिति कुरूद में सोमवार को खरीफ सीजन के दौरान धान की विभिन्न किस्मों के अधिकारिक भाव जारी किए गए। मंडी में गुणवत्तापूर्ण धान की मांग के बीच आरबी (जूना) किस्म सबसे आगे रही, जिसे 3121 प्रति क्विंटल का अधिकतम भाव मिला। इसके साथ ही सांभा और ओम-3 जैसी उन्नत किस्मों के दाम भी 3000 के पार पहुँच गए।

मंडी समिति के आंकड़ों के अनुसार, सरना धान का भाव 2182 से 2356 प्रति क्विंटल के बीच दर्ज किया गया।

वहीं 1010 किस्म 2200 से 2267 और महामाया धान 2246 से 2756 प्रति क्विंटल तक बिका। प्रीमियम और मध्यम किस्मों में आरबी गोल्ड 2687 से 2921, सांभा 2900 से 3080 तथा ओम-3 2921 से 3050 प्रति क्विंटल की दर से बिका। आरबी (जूना) का न्यूनतम भाव 2700 और उच्चतम 3121 दर्ज किया गया।

मंडी में इस बार आईआर-64 और एचएमटी/श्रीराम किस्मों की आवक न होने के कारण उनके भाव दर्ज नहीं किए गए। विशेषज्ञों का मानना है कि बेहतर नमी और अच्छी रंगत वाले धान को खरीदार ऊंचे दामों पर उठा रहे हैं, जबकि सामान्य किस्मों के दाम स्थिर बने हुए हैं। आने वाले दिनों में आवक बढ़ने के साथ ही बाजार की दिशा तय होगी, जिस पर किसानों की कड़ी नजर बनी हुई है।

### वैक्सीन लगवाने में छात्राओं में दिखा उत्साह

**कोर्रा(भखारा)।** आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भखारा में 16 जुलाई को सुबह 11 बजे एचपीवी वैक्सीन लगाई गई। वरिष्ठ चिकित्सक डॉ हरदेल ने अपने यहां इलाज के लिए आई 14 साल की पूनम साहू पिता लीलाराम साहू को स्कूल परिसर ले जाकर वैक्सीन लगाने की शुरुआत कराई। उसे देखकर सभी बेटियों में उत्साह बढ़ा। 93 छात्राओं ने वैक्सीन लगवाई। 69 छात्राओं ने स्कूल में और 24 छात्राओं ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में टीका लगवाया। डॉक्टर हरदेल ने बताया कि यह वैक्सीन 14 साल से 15 साल उम्र के बीच लगाई जा रही है।

डेनियल स्कीन & लेज़र क्लीनिक, धमतरी
LASER HAIR REMOVAL
VITILIGO/WHITE PATCH
LASER MOLE REMOVAL
TATTOO REMOVAL
FUNGAL INFECTION
HAIR TREATMENT
Awarded Best Skin Clinic in Chhattisgarh at Global Icon Award 2023
समस्त चर्म रोगों का ईलाज
चटर्जी अस्पताल, अम्बेडकर चौक, रूद्री रोड, धमतरी (छ.ग.)
संपर्क सूत्र : 89650-27822 अग्रिम पंजीयन : 077222-96003
-: ओपीडी समय :-
सोमवार से शनिवार
सुबह 11 से शाम 6 बजे तक

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020

REGULAR CLASSES STARTING SOON!
PIONEER FOUNDATION OF HIGHER EDUCATION
B.Sc. IN YOGA
B.A. IN YOGA
P.G.D.Y.N. POST GRADUATE DIPLOMA IN YOGA & NATUROPATHY
OLD DAJI MARATHI SCHOOL MARATHAPARA, DHAMTARI (C.G.)
CONTACT US
+91: 8450022865, 9203563863, 9203622865, 9203722865 pioneerfound@email.com
ENROLL TODAY FOR A HEALTHY FUTURE!

पथरी का शर्तिया उपचार
क्या आपको ऑपरेशन की सलाह दी गई है?
तो मिलिए वैद्य राकेश साहू जी से
बिना ऑपरेशन पथरी का आयुर्वेदिक दवाओं से संपूर्ण निदान दोबारा होने की संभावना नहीं, दोबारा होने पर निःशुल्क इलाज
हमारे यहां सभी प्रकार के दर्द, साइटिका, बवासीर, अंडकोष, चर्म रोग, सर्दी, खांसी, बुखार एवं अन्य समस्याओं का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा सफल उपचार।
सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे
ज्योति जनरल स्टोर के पास, बंजारी (भाटापारा) कुरुद, जिला-धमतरी मो. 62686-80119

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

हाटकेश्वर नागपंचमी महोत्सव 2026
काल सर्प दोष निवारण यज्ञ अनुष्ठान
16/17 अगस्त 2026, शुक्रवार
नागपंचमी पर्व पर सिद्ध पीठ नागमंदिर हटकेशर में त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग नासिक के आचार्य पं. शिवा प्रसाद चतुर्वेदी एवं पं. कार्तिक शास्त्री के सानिध्य मे विद्वान पंडितों के द्वारा काल सर्प दोष निवारण अनुष्ठान विधि विधान पूर्वक संपन्न कराया जाएगा।
पंजीयन 2101/- रूपए
संपर्क करें
99931-57703, 98278-32481
98935-70664, 98271-88577